**NEWS CLIPPING: 05.05.2018**

**The Tribune**

# YMCA varsity to start new courses

CHANDIGARH, MAY 4

YMCA University of Science and Technology, Faridabad, is all set to introduce new courses in engineering, science and management at undergraduate level from next academic session commencing in July. The new courses would include B Tech in civil engineering, B Sc in animation and multimedia, B Sc (Hons) in mathematics and chemistry, Bachelor of Computer Applications (BCA) and Bachelor of Business Administration (BBA). Also, intake in MCA and B Tech in computer engineering has been increased.

Vice Chancellor Prof Dinesh Kumar said All-India Council of Technical Education had approved the university's proposal to start B Tech in civil engineering with sanctioned intake of 60 seats. The university intends to start the course from ensuing academic session which would be designed to meet the needs of modern civil engineering fields, he said. — TNS

The Tribune (Haryana Edition) Sat epa

**NEWS CLIPPING: 05.05.2018**

**PUNJAB KESARI**

# परिणाम आधारित मान्यता प्रक्रिया पर कार्यशाला का आयोजन

फरीदाबाद, 4 मई (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यायल, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के लिए परिणाम आधारित मान्यता' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



*वाईएमसीए में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार।*

कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विश्वभर में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनाए जा रहे श्रेष्ठ अभ्यासों को शामिल करना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली को लागू करना एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन गुणवत्ता में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इसके लिए उन्होंने मैकेनिकल विभाग को कार्यशाला के सफल आयोजन पर बधाई दी। कुलसचिव डा. संजय कुमार शर्मा ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए विश्वविद्यालय को तैयार रहने की आवश्यकता है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 05 May 2018
epaper.punjabkesari.in/c/28464147

**NEWS CLIPPING: 05.05.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# परिणाम आधारित मान्यता प्रक्रिया पर कार्यशाला

- दो दिवसीय कार्यशाला में सभी विभागाध्यक्षों व संकाय सदस्यों ने लिया हिस्सा

**फरीदाबाद**, राकेश देव ब्यूरो चीफ, (पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यायलए फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के लिए परिणाम आधारित मान्यता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विश्वभर में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनाये जा रहे श्रेष्ठ अभ्यासों को शामिल करना है।



कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए (,छाया:राकेश देव)

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किये जा रहे है, जिसमें परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली को लागू करना एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन गुणवत्ता में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इसके लिए उन्होंने मैकेनिकल विभाग को कार्यशाला के सफल आयोजन पर बधाई दी। कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए विश्वविद्यालय को तैयार रहने की आवश्यकता है।

इससे पहले कार्यशाला के तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए प्रो तिलक राज ने पाठ्यक्रम परिणामों की मैपिंग तथा पाठ्यक्रम परिणामों को प्राप्त के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक आकलन उपकरणों के बारे में बताया। कार्यशाला के संचालन में डॉ राजीव साहा तथा डॉ महेश चंद ने योगदान दिया।

**NEWS CLIPPING: 05.05.2018**

**AMAR UJALA**

# वाईएमसीए विवि में कार्यशाला

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'अंडरग्रेजुएट' पाठ्यक्रमों के लिए परिणाम आधारित मान्यता' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसमें परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली को लागू करना एक महत्वपूर्ण पहल है। कुलसचिव डा. संजय कुमार शर्मा ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए विश्वविद्यालय को हमेशा तैयार रहने की आवश्यकता होती है। इससे पूर्व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. तिलक राज ने विकास के नए अवसर और वातावरण सृजित करने में योगदान के लिए कुलपति का आभार जताया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 05.05.2018**

**HINDUSTAN**

# परिणाम आधारित शिक्षा के बारे में जानकारी दी

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

## कार्यशाला

- तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर चर्चा
- प्रतिस्पर्धा के लिए विश्वविद्यालय को तैयार रहने पर जोर दिया

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रम के लिए परिणाम आधारित मान्यता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर चर्चा की गई।

इस मौके पर मुख्यवक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली को लागू करना इसी के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है। वहीं, कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए विश्वविद्यालय को तैयार रहने की आवश्यकता है।वहीं, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज ने विश्वविद्यालय में विकास के नए अवसर तथा वातावरण सृजित करने में योगदान के लिए कुलपति का आभार जताया।

इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक डीन (शैक्षणिक) डॉ. संदीप ग्रोवर ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इनके अलावा प्रोफेसर तिलक राज, डॉ. राजीव साह और डॉ. महेश चंद मौजूद रहे।